हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 7 नवंबर 2025


तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 10.1 डिग्री


12 ऑटो मार्केट में अतिक्रमण पर मेयर ने दिया अल्टीमेटम





12 अधूरे बरसाती नाले को पूरा करवाने के दिए निर्देश




## खबर संक्षेप

### युवक से 54 हजार की ठगी, एक गिरफ्तार

**हिसार।** एचटीएम थाना पुलिस ने एक ऐसे मामले में सफलता प्राप्त की है, जिसमें एक युवक से ऑनलाइन जॉब के नाम पर 54 हजार से अधिक की ठगी की गई थी। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे पांच दिन के रिमांड पर भेज दिया गया। जांच अधिकारी उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में एचटीएम थाना में दी गई शिकायत में शिकायतकर्ता ने बताया कि वह दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता है। उसे एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा इस वर्ष 24 अगस्त को मोबाइल पर ऑनलाइन जॉब ऑफर भेजा गया था, जिसमें होटल रिव्यू करने पर भुगतान का लालच दिया गया था।

### 60 लाख का फर्जी गृह ऋण लेने वाला काबू

**हिसार।** पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आईसीआईसीआई बैंक हिसार शाखा से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 60 लाख का गृह ऋण लेने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान सेक्टर 25 पंचकूला निवासी बलविंदर सिंह के रुपये में हुई है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक राजबीर सिंह ने बताया कि आरोपी ने वर्ष 2022 में आईसीआईसीआई बैंक सेक्टर-14, हिसार शाखा से गृह ऋण प्राप्त करने के लिए आवेदन किया था। जांच के दौरान यह पाया गया कि आरोपी ने एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक के नाम से फर्जी एनओसी तैयार कर प्रस्तुत की थी।

### हेरोइन बरामदगी मामले में मुख्य सप्लायर काबू

**हिसार।** पड़ाव चौकी पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 8.34 ग्राम हेरोइन बरामदगी मामले की मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। मामले के जांच अधिकारी एएसआई नवीन ने बताया कि हाल ही में 4 नवंबर को पड़ाव चौकी पुलिस ने सूचना के आधार पर अंबेडकर बस्ती से लोहचब निवासी पिंकी उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 8.34 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। जांच के दौरान पता चला कि बरामद हेरोइन का मुख्य सप्लायर अंबेडकर बस्ती निवासी सुनीता है। चौकी टीम ने योजनाबद्ध कार्रवाई करते हुए आरोपी सुनीता देवी को गिरफ्तार कर लिया।

### नकदी व फोन लूटने के मामले में दो गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस ने अपहरण और लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों से वारदात में प्रयुक्त गाड़ी, लूटा गया मोबाइल व नकदी बरामद की गई है। ओम ग्लोबल यूनिवर्सिटी के राजस्थान के गोपालगढ़ निवासी छात्र शैलेन्द्र की शिकायत पर एचटीएम थाना में मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि गत 3 नवंबर की सुबह वह ट्रेन से हिसार लौटा और रेलवे स्टेशन से बस स्टेंड की ओर पैदल जा रहा था। इसी दौरान एक कार उसके पास आकर रुकी, जिसमें बैठे युवकों ने खिड़की खोल उसे जबरन कार में धकेल लिया।

### गुजवि में युवा महोत्सव 'प्रबोधिनी' आज से

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय स्तरीय युवा महोत्सव 'प्रबोधिनी' का आयोजन 7 से 9 नवम्बर तक किया जाएगा। विश्वविद्यालय के महाराणा प्रताप स्टेडियम में 7 नवम्बर को होने वाले उद्घाटन समारोह में हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन के निदेशक डॉ. अर्शविन्द्र चावला, आईपीएस मुख्यातिथि होंगे। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## हरियाणा के पहलवानों ने सदैव अपनी ताकत का लोहा मनवाया : राणा

# कुश्ती प्रतियोगिता के 62 किलोग्राम भार वर्ग में रोहतक की काजल ने जीता गोल्ड

विजेता पहलवानों को कृषि मंत्री ने बांटे पुरस्कार, एचएयू में 27वीं हरियाणा राज्य कुश्ती प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में हरियाणा ओलम्पिक संघ द्वारा आयोजित 27वीं हरियाणा राज्य कुश्ती प्रतियोगिता के अंतिम दिन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहें। कृषि मंत्री राणा ने अपने सम्बोधन में कहा कि हरियाणा ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित 27वीं हरियाणा राज्य खेल प्रतियोगिता से प्रदेश के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाडि़यों ने देश में ही नहीं बल्कि एशियाई, राष्ट्रमंडल और ओलंपिक खेलों में बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए देश का नाम विश्व पटेल पर रोशन किया है। हरियाणा के पहलवानों ने प्रतियोगिताओं में सदैव अपनी ताकत का लोहा मनवाया है। समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रधान आशा खेदड़ व हरियाणा ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष व प्रशिक्षक राकेश भी उपस्थित रहें।



हिसार। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा खिलाड़ियों के साथ व अन्य।

### अंतिम दिन हुए मुकाबलों के परिणाम

निदेशक एवं खेल प्रशिक्षक संजय मलिक ने बताया कि फ्री स्टाइल महिला कुश्ती प्रतियोगिता के 57 किलोग्राम भार वर्ग में चरखी दादरी की रजनी ने स्वर्ण, यमुनानगर की बबली ने सिल्वर, रोहतक की मोनिका ठाकुर ने कांस्य तथा सोनीपत की प्रगति ने द्वितीय कांस्य पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार 62 किलोग्राम भार वर्ग में रोहतक की काजल ने स्वर्ण, भिवानी की अंकिता ने सिल्वर, फरीदाबाद की प्राची ने कांस्य तथा पानीपत की खुशी ने द्वितीय का कांस्य पदक प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि 65 किलोग्राम भार वर्ग में रोहतक की तनु ने स्वर्ण, गुरुग्राम की स्नेहा ने सिल्वर, फरीदाबार की कुमकुम दनगेश ने कांस्य तथा चरखी दादरी की रितु ने द्वितीय कांस्य पदक प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि 72 किलोग्राम भार वर्ग में हिसार की तनु शर्मा ने स्वर्ण, भिवानी की कविता ने सिल्वर, सोनीपत की आरजू ने कांस्य तथा रोहतक की रिया कौशिक ने द्वितीय कांस्य पदक प्राप्त किया।

### 82 किलोग्राम भार वर्ग में भिवानी के विकास ने स्वर्ण जीता

ग्रीको रोमन पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता के 67 किलोग्राम भार वर्ग में रोहतक के मेघनाथ ने स्वर्ण, हिसार के सतपाल ने सिल्वर, चरखी दादरी के सुमित ने कांस्य तथा पानीपत के संदीप ने द्वितीय कांस्य पदक प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि 77 किलोग्राम भार वर्ग में रोहतक के विकास राणा को स्वर्ण, सिरसा के विनय गुज्जर को सिल्वर, जींद के धीरज को कांस्य तथा कैथल के राहुल को द्वितीय कांस्य पदक को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के 82 किलोग्राम भार वर्ग में भिवानी के विकास ने स्वर्ण, यमुनानगर के आयुष ने सिल्वर, झज्जर के तुषार ने कांस्य तथा चरखी दादरी के सुशील ने द्वितीय कांस्य पदक हासिल किया।

## खेल शरीर को स्वस्थ ही नहीं, मन को भी बनाते मजबूत : श्याम सिंह राणा

**हिसार।** हरियाणा के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा है कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व विकास का सबसे सशक्त माध्यम हैं। खेल हमें अनुशासन, समय का मूल्य, टीम में मिलकर काम करना, हार-जीत को समान भाव से स्वीकार करना और कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना सिखाते हैं। वे स्वयं छात्र जीवन में एथलीट रहे हैं। श्याम सिंह राणा गुरुवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में शुरू हुई 21वीं अखिल भारतीय वाइस चांसलर टी-20 क्रिकेट कप का शुभारंभ करने उपरांत संबोधित कर रहे थे। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों की 24 विश्वविद्यालयों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। उसके बाद मुख्य अतिथि एवं अतिथियों ने खिलाड़ियों का अभिवादन किया। सभी 24 टीमों ने अनुशासित परेड मार्च कर अपना परिचय दिया। मुख्य अतिथि ने गुब्बारे उड़ाकर एवं ट्रॉफी का रिबन काटकर टूर्नामेंट की औपचारिक शुरुआत की।





हिसार। गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते मंत्री श्याम सिंह राणा व प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मार्च पास्ट करते खिलाड़ी।

### क्रिकेट अनुशासन, टीमवर्क व नेतृत्व का पाठ

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्य सूचना आयुक्त डॉ. जगबीर सिंह ने कहा कि क्रिकेट केवल खेल नहीं, यह अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व का पाठ है। टी-20 हमें सिखाता है कि हर क्षण महत्वपूर्ण है, निर्णय भी तेज हों और मन भी शांत। यहां जीत केवल ट्रॉफी की नहीं, बल्कि खेल भावना, भाइचारे और सम्मान की है। याद रखिये कोई भी सफलता अकेले नहीं मिलती। हर रन, हर कैच और हर गेंद में पूरी टीम का योगदान होता है। यही भावना जीवन और संस्थान-दोनों में आवश्यक है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि दिल से खेलिए, निष्पक्षता से खेलिए, और खेल को उत्सव की तरह मनाइए।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर लुवास के कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका, अनुसंधान निदेशक डॉ. नरेश जिंदल, पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. मनोज रोज, मानव संसाधन एवं प्रबंधन निदेशक डॉ. राजेश खुराना, डेयरी साइंस कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. एसबी पाटिल, आईपीवीएस निदेशक डॉ. पवन, टीचिंग एसोसिएशन के प्रधान डॉ. अशोक मलिक, नॉन-टीचिंग एसोसिएशन के प्रधान दयानंद, भाजपा जिला अध्यक्ष आशा खेदड़, एचएयू कुलसचिव डॉ. पवन के अलावा लुवास के विभिन्न विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

## असिस्टेंट लाइनमैन सोनू ने केबीसी में जीते पांच लाख

- बाइक और सोने के 2 सिक्के भी पुरस्कार स्वरूप दिए गए
- हिसार के गांव पाबड़ा के रहने वाले हैं विजेता सोनू सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

क्षेत्र के गांव पाबड़ा निवासी एवं बिजली निगम में असिस्टेंट लाइनमैन सोनू सिंह ने टीवी के मशहूर क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति में पांच लाख रुपए जीते हैं। इसके अलावा उसे एक बाइक और सोने के 2 सिक्के भी पुरस्कार स्वरूप दिए गए। पाबड़ा गांव निवासी असिस्टेंट लाइनमैन का नाम सोनू सिंह के गांव लौटने पर उसका जोरदार स्वागत किया गया। एक सामान्य परिवार से संबंध रखने वाले सोनू सिंह की कामयाबी पर पूरे गांव ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। सोनू ने बताया कि हॉट सीट पर बैठने से पहले ही उन्हें अमिताभ बच्चन दिखने लगे थे। सामने बैठे तो हाथ-पांव कांपने लगे और सपने जैसा महसूस हुआ। सोनू सिंह का कहना है कि वह 25 लाख रुपए भी जीत सकते थे, लेकिन अंग्रेजी के सवाल ने उन्हें कन्फ्यूज कर दिया। इसके बाद वह केवल पांच लाख रुपए ही जीत पाए।





हिसार। केबीसी शो के दौरान अमिताभ के साथ सोनू सिंह, उनकी धर्मपत्नी व बच्चा।

## बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों के आभूषण और नकदी ले उड़े चोर

- बेटों के पास गुरुग्राम गए थे मकान मालिक, चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

अज्ञात चोरों ने कृष्णा कॉलोनी में बंद आवास का ताला तोड़कर लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गए। हालांकि चोरी की पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम के साथ मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार तथा आवास मालिक राजेश की शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में कृष्णा कॉलोनी निवासी राजेश ने बताया कि वह टूर एंड ट्रैवल्स का काम करते हैं। और 4 नवंबर को अपने बेटों के पास गुरुग्राम गए थे। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। इसी दौरान चोरों ने मौका पाकर मकान का ताला तोड़ कर घर के अंदर से प्रवेश किया और अलमारी में रखे आभूषण व नकदी चुराकर फरार हो गए।

### पड़ोसियों ने फोन पर दी चोरी होने की सूचना

राजेश ने बताया कि गुरुवार सुबह पड़ोसियों ने फोन कर सूचना दी कि उनके घर का मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और ताला गली में पड़ा है। सूचना मिलते ही राजेश ने अपने परिचितों को मौके पर भेजा और खुद भी हांसी पहुंचे। घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि घर के अंदर सारा सामान बिखरा हुआ है तथा अलमारी में रखे कीमती आभूषण व नकदी गायब थी। राजेश के अनुसार उसे चोरी में करीब 7 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहे चोरों की तलाश में जुटी हुई है।



हांसी। चोरी की वारदात के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान

## 38 साल बाद कोर्ट के आदेश पर छुड़वाया दुकान का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

- लंबे समय तक चली कोर्ट में सुनवाई के बाद पुलिस की मौजूदगी में कराई दुकान खाली

बस स्टैंड रोड स्थित एक पहले खराद और अब तंबाकू की दुकान पर 38 साल के लंबे इंतजार के बाद दुकान मालिक के परिवार को अपनी पुश्तैनी दुकान का कब्जा वापस मिल गया।

ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने गुरुवार को कोर्ट के आदेश पर पुलिस की मौजूदगी में 55 गज में बनी दुकान को कब्जा मुक्त कराया। इस अवसर दुकान मालिक कैलाश चंद्र गोयल के बेटे बिट्टू गोयल ने बताया कि बस स्टैंड रोड स्थित यह दुकान उनके पिता कैलाश चंद्र के नाम पर है। उन्होंने बताया कि करीब 63 वर्ष पहले इसे किराए पर दिया गया था, लेकिन समय के साथ किराएदार ने इस पर स्थायी कब्जा जमा लिया, जिसके बाद मामला कोर्ट में पहुंचा और लगातार 38 वर्षों तक चली कानूनी लड़ाई के बाद, जनवरी में कोर्ट द्वारा बिट्टू गोयल के पक्ष में फैसला सुनाया था। जिसके बाद 27 अक्टूबर को जज आशुतोष की कोर्ट द्वारा दुकान खाली करवाने को लेकर वैलिफ रोहताश को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया और वैलिफ रोहताश कुमार ने गुरुवार को कोर्ट के आदेश पर भारी पुलिस बल की मौजूदगी में दुकान को खाली कराया गया।

## अनिता कुंडू की फर्जी फेसबुक आईडी बना मांगे जा रहे पैसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- प्रदेश सरकार में ओएसडी एवं पर्वतारोही हैं अनिता कुंडू

हरियाणा सरकार में ओएसडी (मोटिवेशन) एवं पर्वतारोही अनीता कुंडू की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर लोगों से पैसे मांगने का मामला सामने आया है। इस संबंध में अनिता कुंडू ने पुलिस को शिकायत दी है। बताया जा रहा है कि दो महीने पहले यह फेसबुक आईडी बनाई गई थी, मगर अभी साइबर अपराधियों का पता नहीं चल पाया है। अनीता कुंडू ने लोगों अपील की है कि फेसबुक पर आए मैसेज को सच न माने और कोई पैसे की डिमांड उनकी आईडी से करे तो उसे सच न मानें। अनीता कुंडू ने बताया कि किसी ने उसकी पुलिस की वर्दी में प्रोफाइल फोटो लगाकर फेक आईडी बनाई है और उसके बायो में समाजसेवी लिखा है। अनीता कुंडू ने हिसार के आजाद नगर थाने में करीब दो महीने पहले एक सितंबर को इसकी शिकायत दी है। अनीता कुंडू ने बताया कि राजेश नाम के व्यक्ति ने यह फेसबुक आईडी बनाई है और उसने खुद को राजस्थान जयपुर का बताया था। अनीता कुंडू ने दो महीने पहले हिसार के आजाद नगर थाने में शिकायत दी थी।

### हांसी में सात स्कूल वाहनों के किए चालान

**हांसी।** ट्रैफिक व्यवस्था को दुरूस्त तथा स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस ने गुरुवार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर स्कूल बसों की सुरक्षा मानकों, वाहन फिटनेस, ओवरलोडिंग, ड्राइवर के लाइसेंस, फर्स्ट एड बॉक्स, सीसीटीवी कैमरे, फायर एक्सटिंग्विशर, व अन्य अनिवार्य व्यवस्थाओं की गहनता से जांच की गई। जांच के दौरान 7 स्कूल बसों में फिटनेस प्रमाण पत्र की अनुपस्थिति, सुरक्षा उपकरणों की कमी मिलने पर चालान किए गए तथा संबंधित स्कूल प्रबंधन को चेतावनी दी गई कि भविष्य में ऐसे लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी दी ताकि देश का भविष्य बच्चे सुरक्षा से स्कूल व घर पहुंच सकें तथा स्कूल वाहन चालक जागरूक होकर वाहन चलाएं।

## कार्यक्रम — पंचनद शोध संस्थान के महिला आयाम ने किया गोष्ठी का आयोजन

# युवाओं को नैतिकता और संस्कारों के बारे में जागरूक करना जरूरी : धर्माणी

युवा शक्ति पर मंडराता भ्रमजाल पर वक्ताओं ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पंचनद शोध संस्थान महिला आयाम की ओर से गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय में 'युवा शक्ति पर मंडराता भ्रमजाल' विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी की कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी प्रस्तोता के तौर पर उपस्थित हुईं जबकि उपरोक्त महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। गोष्ठी में पंचनद शोध संस्थान की महिला आयाम प्रभारी डॉ. मुदिता वर्मा व पंचनद शोध संस्थान, हिसार के अध्यक्ष डॉ. जगबीर सिंह भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी ने अपने सम्बोधन में कहा कि विश्व में सबसे अधिक युवा भारत में हैं। युवा हमारे देश का उज्जवल भविष्य हैं, इसलिए युवाओं को नैतिकता और संस्कारों के बारे में जागरूक करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर युवा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते हैं तो यह किसी भी राष्ट्र एवं समाज के लिए वरदान साबित हो सकता है। आधुनिक तकनीक और सोशल मीडिया ने युवाओं को वैश्विक मंच तो दिया है लेकिन साथ ही उसके मन में भ्रम की प्रवृत्ति भी पैदा की है। लाइक्स, फॉलोअर्स और वर्चुअल पहचान की इस दौड़ में युवा स्वयं से, अपने लक्ष्य और वास्तविक जीवन मूल्यों से दूर होता जा रहा है। कुलपति ने कहा कि भ्रमजाल केवल डिजिटल दुनियां का नहीं बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में फैल गया है। शिक्षा में डिग्रियों की दौड़ ने ज्ञान और कौशल को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि विद्या, ज्ञान, कौशल तथा सच और झूठ का बोध कराती है।



हिसार। कार्यक्रम में पुस्तिका का विमोचन करती चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी की कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी व अन्य।

### ये रहे मौजूद

प्राचार्य विवेक सैनी ने कहा कि हमारे देश की युवा शक्ति उर्जावान और जोश से भरपूर है। युवाओं को अपनी उर्जा का प्रयोग समाज और राष्ट्र के नव निर्माण के लिए करना चाहिए। महाविद्यालय में यूथ रेडक्रास सोसाइटी के संयोजक प्रो. चन्द्रकांत गोरसी ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया जबकि धन्यवाद प्रस्ताव प्रो. सरोज ने पारित किया। मंच का संचालन डॉ. मुकेश कुमार ने किया। इस अवसर पर कृष्ण, सतीश, रविन्द्र संतोष कुमारी, पूनम वर्मा, अनिता सहरावत व ज्ञानचंद बंसल, मीडिया सलाहकार डॉ संदीप आर्य, महाविद्यालय के प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



सामान्य रूप से पेड़-पौधे प्रकाश-संश्लेषण की क्रिया द्वारा जल, वायु और सूर्य की किरणों की सहायता से अपना भोजन तैयार करते हैं। लेकिन कुछ पौधे ऐसे भी होते हैं, जो छोटे-छोटे जीवों से भी अपना भोजन और पोषण प्राप्त करते हैं। जानो, ऐसे ही कुछ अनोखे कीटभक्षी पौधों के बारे में।

# अनोखे पौधे जो करते हैं कीट-पतंगों का शिकार!

वनस्पति जगत

डॉ. दीपक कोहली

बच्चो, प्रकृति में हर जंतु और पौधा अपने-अपने तरीके से जीवन-यापन करता है। लेकिन क्या तुम जानते हो कि कुछ पौधे सिर्फ हवा, पानी और सूरज की रोशनी से नहीं, बल्कि कीड़ों और छोटे जीवों से भी अपना भोजन प्राप्त करते हैं? ऐसे पौधों को कीटभक्षी पौधे कहते हैं।

### कहां मिलते हैं, कैसे होते हैं

कीटभक्षी पौधे अकसर दलदली, कीचड़ वाली या खारी मिट्टी वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं। ऐसी मिट्टी में पौधों के लिए जरूरी पोषक तत्व बहुत कम होते हैं। इसलिए ये पौधे अपने भोजन के लिए, कीड़ों, मक्खियों और छोटे कीट-पतंगों पर निर्भर रहते हैं। इन पौधों के पत्ते, फूल और कभी-कभी तने इस तरह विकसित होते हैं कि वे कीड़ों को आकर्षित कर सकें और उन्हें पकड़ सकें। उनके रंग, आकार और खुशबू, कीड़े और छोटे जीवों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। ये कीटभक्षी पौधे दिखने में बहुत सुंदर और रंग-बिरंगे होते हैं। ये पौधे अपनी सुंदरता-मोहकता के साथ-साथ अपने अनोखे शिकार करने के तरीके के लिए भी जाने जाते हैं।

### कैसे होता है अंकुरण

कीटभक्षी पौधे मिट्टी से कम पोषक तत्व प्राप्त करने के बावजूद, अपने भोजन/शिकार से जरूरी नाइट्रोजन और फॉस्फोरस प्राप्त कर लेते हैं। इन पौधों के बीज बहुत छोटे होते हैं, इनका अंकुरण बहुत धीरे-धीरे होता है। जब ये पौधे छोटे होते हैं, तो इनके पत्ते बहुत नाजुक और पतले होते हैं। जैसे-जैसे पौधा बड़ा होता है, इनके पत्ते शिकारी बनने लगते हैं। यह पूरी प्रक्रिया बहुत ही अद्भुत और जादुई लगती है। कौन-कौन से पेड़-पौधे कीटभक्षी होते हैं, यह भी जानो-

### लंबे गिलास या घड़े के आकार का पौधा पिचर प्लांट

इसे पिटकॉल ट्रैप प्लांट के नाम से भी जाना जाता है। पिचर प्लांट में लंबे गिलास या घड़े जैसे पत्ते होते हैं, जिनके अंदर रस या पाचन एंजाइम भरा रहता है। कीड़े-मकोड़े इस रस की ओर आकर्षित होकर पत्ते में गिर जाते हैं। इसकी चिकनी सतह और फिसलन भरे नीचे की ओर झुके बालों के कारण इसमें फंसे कीट बाहर नहीं निकल नहीं पाते। यह पौधा पाचन एंजाइम की सहायता से कीड़े को पचा लेता है। अपने रंग और आकार के अनूठेपन के कारण पिचर प्लांट को 'प्रकृति का जादू' भी कहा जाता है।



### ओस जैसी बूंदों से चिपका लेता है सनड्यूज प्लांट

सनड्यूज प्लांट बहुत ही नाजुक और सुंदर होता है। इसके पत्तों पर लंबे तंतु बने होते हैं। इन तंतुओं के सिरे पर एक चिपचिपी ग्रंथि पाई जाती है, जो धूप में ओस (ड्यू) की बूंदों जैसी चमकती है। इसीलिए इसका नाम 'सनड्यूज' पड़ा। ये चमकदार बूंदें जैसी ग्रंथियां कीड़ों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। कीड़ा इन बूंदों से चिपक जाता है और पत्ते धीरे-धीरे उसे पचा लेते हैं।

### शिकार को झपटकर पकड़ता है वीनस फ्लाईट्रैप

वीनस फ्लाईट्रैप नामक कीटभक्षी पौधा, अपने पत्तों को दो भागों में खुला रखता है। पत्तों के किनारों पर मोटे कांटेनुमा संरचना होती है। इसके भीतरी हिस्से पर छोटे-छोटे बाल पाए जाते हैं। जब कोई कीड़ा इन अंदरूनी बालों को छूता है, तो ये खुले पत्ते झपट्टा मारकर तुरंत बंद हो जाते हैं। इसमें मौजूद पाचन एंजाइम के कारण फ्लाईट्रैप में फंसा कीड़ा धीरे-धीरे पचकर या मेल्ट होकर पौधे को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है।

बच्चो, यह समझना बहुत जरूरी है कि ये पौधे बहुत नाजुक होते हैं। इन्हें इनके प्राकृतिक आवास से निकालना या तोड़ना बिल्कुल सही नहीं है। इन्हें देखने के लिए तुम बॉटेनिकल गार्डन या रिजर्व फॉरेस्ट में जा सकते हो। ये कीटभक्षी पौधे हमें यह भी याद दिलाते हैं कि हर जीव और पौधा अपने तरीके से जीवन जीता है। प्रकृति ने इन्हें अलग-अलग विशेषताओं से युक्त बनाया है। ये कीटभक्षी पौधे जैव विविधता (बायो डायवर्सिटी) को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। तो जब भी तुम जंगल या किसी बॉटेनिकल गार्डन में जाओ, तो इन छोटे शिकारी पौधों को ध्यान से देखो और उनके अनोखेपन का आनंद लो। *






### मेंढक-गिरगिट जैसे जंतु भी हो जाते हैं ट्रैप

बच्चो, ये कीटभक्षी पौधे कीट-पतंगे, कीड़े-मकोड़े का भक्षण तो करते ही हैं, कभी-कभी छोटे मेंढक, गिरगिट या अन्य छोटे जंतु भी इनके जाल में फंस जाते हैं। है न कमाल की बात! ये सभी कीटभक्षी पौधे अपनी अनोखी शिकार तकनीक के लिए जाने जाते हैं।

# दुनिया का सबसे छोटा आईलैंड जहां हैं केवल एक घर-एक पेड़

बच्चो, तुमने अपनी जीके की बुक में दुनिया के सबसे बड़े आईलैंड ग्रीनलैंड के बारे में पढ़ा होगा। लेकिन क्या तुम सबसे छोटे आईलैंड के बारे में जानते हो? यहां हम तुम्हें स्मॉलेस्ट आईलैंड 'जस्ट रूम एनफ' के बारे में बता रहे हैं।



रोचक

रेखा शाह आरबी

बच्चो, आईलैंड यानी द्वीप जमीन का ऐसा टुकड़ा होता है, जो चारों तरफ पानी से घिरा होता है। दुनिया में अलग-अलग आकार-प्रकार और विशेषताओं वाले कई आईलैंड स्थित हैं। घूमने-फिरने के शौकीन लोग मौज-मस्ती और नेचर के करीब कुछ समय गुजारने के लिए ऐसे आईलैंड की यात्रा करना खूब पसंद करते हैं। ऐसे द्वीपों की प्राकृतिक सुंदरता, जैव विविधता और अन्य विशेषताएं पर्यटकों को खूब पसंद आती हैं। यहां की शांति, साफ-सुथरा वातावरण पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। दरअसल, सामान्य स्थल की तुलना में आईलैंड यानी द्वीप अधिक शांत और प्रदूषणमुक्त होते हैं।

**अनेक द्वीप हैं दुनिया में:** दुनिया भर में अनेक फेमस आईलैंड्स हैं, जैसे- ग्रीनलैंड, न्यू गिनी, बोर्नियो, मेडागास्कर, सुमात्रा आदि। अपने देश में भी लक्षद्वीप और अंडमान निकोबार जैसे खूबसूरत आईलैंड हैं। ये सभी आईलैंड्स अपनी-अपनी खूबियों के लिए प्रसिद्ध हैं।

**जस्ट रूम एनफ आईलैंड:** यह तो तुमको पता होगा कि दुनिया का सबसे बड़ा आईलैंड, ग्रीनलैंड है। इसका क्षेत्रफल 2,166,086 वर्ग किलोमीटर है। लेकिन क्या तुम जानते हो कि दुनिया का सबसे छोटा आईलैंड कौन-सा है? नहीं पता, चलो हम बताते हैं! दुनिया के सबसे छोटे आईलैंड का नाम है 'जस्ट रूम एनफ' आईलैंड। यह अमेरिका के न्यूयॉर्क में सेंट लॉरेंस नदी में स्थित है। तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि यह आईलैंड इतना छोटा है कि इस पर केवल एक मकान बनाने भर की ही जगह है। आईलैंड के छोटे आकार को देखते हुए ही इसका नाम जस्ट रूम एनफ रखा गया है। इस पूरे आईलैंड का फैलाव मात्र 3,300 स्क्वायर फीट तक ही सीमित है। इस आईलैंड पर एक घर, एक पेड़ के अलावा कुछ झाड़ियां ही हैं। पहले इस आईलैंड का नाम 'हब आईलैंड' था। साल 1950 में किसी धनी व्यक्ति ने इसको खरीद कर इस पर मकान बनवाया और एक पौधा लगाया। जो अब एक पेड़ बन चुका है। जब इस पर मकान बनकर तैयार हो गया तो इसका नाम हब आईलैंड से बदल कर जस्ट रूम एनफ कर दिया गया। नदी के किनारे से देखने पर यह आईलैंड बहुत मनमोहक लगता है। इसकी सुंदरता को करीब से देखने के लिए दुनिया भर के सैलानी यहां पर घूमने-फिरने के लिए आते रहते हैं। अपने सबसे छोटे आकार के कारण ही इस आईलैंड का नाम गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। *

कविता / ओम निश्चल

# उठो सुबह की वेला आई!



उठो सुबह की वेला आई!
उमग-उमग कर चिड़ियां चहकीं
कोयल लेती है अंगड़ाई।
सूरज कब का जगा हुआ है
देखो बाल सूर्य की किरणें
दूर पहाड़ी पर हिरणों की
टोली आई सबसे मिलने
बच्चे इनके खेल रहे हैं
आपस में ही छुपम-छुपाई।
उठो सुबह की वेला आई!
कलश लिए चल पड़ी सुबह ही
देखो पनिहारिन की टोली
बिना हलक की प्यास मिटे
कैसे निकलेगी मुंह से बोली
वो क्या जानें संघर्षों को
जिनके पांव न फटी बिवाई।
उठो सुबह की वेला आई!
चादर तान देर तक सोई
हुई देख लो अभी टिटहरी
मगर पपीहा बजा रहा है
कब से विहल राग पिपहरी
देखो फुदक रही गौरैया
नाच उठी घर की अंगनाई।
उठो सुबह की वेला आई!

## बूझो तो जानें





1 जंगल का 'राजा' कहलाता,
बासी भोजन कभी न खाता।
सभी जानवर इससे डरते,
राजा की इज्जत हैं करते।।

2 मरुस्थल का जहाज कहलाए,
ढेरों काम बनाता।
बोझा ढोता, खेत जोतता,
यात्राएं करवाता।।


3 माता का दर्जा पाया है,
दूध मिले गुणकारी।
रंग सफेद और काला भी,
यह है पूज्य हमारी।।

- डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर: 1.शेर, 2.ऊंट, 3.गाय

## जीके क्विज-178

1. हाल ही में इंडियन वूमेंस क्रिकेट टीम ने किस देश की टीम को हराकर आइसीसी वूमेंस वन-डे क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
2. विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कैप्टन का नाम क्या है?
3. आइसीसी की ताजा वन-डे रैंकिंग के अनुसार विश्व के सर्वश्रेष्ठ बैट्समैन कौन बने हैं?
4. हाल ही में जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री कौन बनी हैं?
5. सुप्रीम कोर्ट के 53वें मुख्य न्यायाधीश कौन होंगे?
6. भारत के वर्तमान केंद्रीय सहकारिता मंत्री कौन हैं?
7. निकट दृष्टि दोष में किस लेंस का इस्तेमाल किया जाता है?
8. पेड़-पौधे वायुमंडल से कौन-सी गैस अवशोषित करते हैं?
9. संसार का सबसे छोटा महाद्वीप कौन-सा है?
10. हाल में ही किस रॉकेट के द्वारा भारतीय वैज्ञानिकों ने सीएमएस 03 उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया?



बच्चो, जीके क्विज-178 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-177 का उत्तर :** 1. लियोनेल मेसी, 2.अयोध्या, 3.राष्ट्रीय एकता दिवस, 4. 24 अक्टूबर, 5.राजस्थान, 6.लैक्टोबैसिलस, 7.जॉन मथाई, 8.हैंस लेपर्शी, 9.कोलकाता, 10.मुंशी प्रेमचंद

**जीके क्विज-177 का सही उत्तर देने वाले :** रितेश-मटियारी, रजनी-बलरामपुर, कबीर-हिसार, पूनम-गुना, बलजीत-भिवानी, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-बैकुंठपुर, आंचल-ईमेल से, अजय-रोहतक, अंकुश-बिलासपुर, कुसुम-बलौदा बाजार



कहानी

दिविक रमेश

होलू को एक दिन सड़क पर रोता हुआ एक बच्चा मिला। उसने जानना चाहा कि बच्चा रो क्यों रहा है? बच्चे से उसने एक नहीं कई सवाल किए। बच्चे के जवाबों से होलू का दिमाग और चकरा गया।

# रोता बच्चा और होलू



होलू ने देखा। सड़क किनारे एक बच्चा बैठा है। रो रहा है। पता नहीं क्यों? होलू को मां की बात याद आई। कोई परेशान हो तो उसकी मदद करनी चाहिए। होलू ने सोचा क्या करूं? उसे चिंता हुई। पूछ ही लिया, 'तुम कौन हो?'

बच्चे ने होलू की ओर देखा। रोना थोड़ा कम हुआ। सुबकते हुए बोला, 'बच्चा हूं।'

'वह तो मुझे मालूम है, पर तुम कर क्या रहे हो?' होलू ने थोड़ा परेशान होकर पूछा।

'रो रहा हूं।' बच्चे ने कहा। कह कर वह फिर रोने लगा।

होलू का तो माथा ही चकरा गया-कैसा बच्चा है? समझ ही नहीं आया कि आगे क्या पूछे। थोड़ी देर तक होलू को कुछ समझ में नहीं आया। तभी कुछ सूझा। उसने फिर पूछा, 'यह तो दिख रहा है, पर तुम रो क्यों रहे हो?' अब बच्चे की बारी थी, थोड़ा चौंकने की। उसने होलू की ओर देखा। ऐसे, जैसे होलू उसकी निगाह में बुद्धू हो।

उसका रोना रुक चुका था। मुंह बनाकर बोला, 'इतना भी नहीं मालूम, कोई क्यों रोता है? क्या तुम कभी नहीं रोए?'

'रोया तो हूं। अभी तो मुझे तुम्हें रोता देखकर रोना आ रहा है, पता नहीं क्यों?' होलू ने पूछा, 'तुम्हें पता है?' 'नहीं तो..!' बच्चे ने लगभग रोते-रोते ही जवाब दिया। थोड़ी देर दोनों एक-दूसरे को देखते रहे।

होलू ने याद करने की कोशिश की। यही कि पिछली बार वह कब रोया था और क्यों रोया था? होलू ने देखा, बच्चा उसी की ओर देख रहा है। रोना छोड़कर सुबक रहा है। उसे यह भी लगा कि बच्चा कुछ ऐसे देख रहा है, जैसे वह जीत गया हो। विजेता हो। होलू को याद आया, बोला, 'मैं तो इसलिए रोया था, मां ने मेरी बात नहीं मानी थी। मुझे बहुत गुस्सा जो आया था।' बच्चा अब तक चुप था। बोला, 'मैं भी तो इसीलिए रो रहा हूं। उधर देखो, दीवार की ओर।' होलू ने देखा, वहां सामने नई दीवार चिनी जा रही है। एक राजमिस्त्री दीवार बना रहा था। पास ही एक महिला थी। वह कभी उसे ईंट पकड़ाती तो कभी मसाला देती थी। बच्चा तपाक से बोला, 'वही तो मेरी मां है।' 'अच्छा..?' होलू थोड़ा चौंकते हुए बोला।

बच्चे ने बताया, 'मैंने मां से कहा कि मैं भी काम करूंगा। पर मां ने डांट दिया। बोली-तू यहां बैठ, अभी तू छोटा है। बस इसीलिए रो रहा हूं। मुझे छोटा क्यों कहा मां ने?'

होलू कुछ सोच में पड़ गया। उसे मां की बात भी ठीक लग रही थी और बच्चे की भी। क्या कहे वह। पर उसे समझ ही नहीं आ रहा था कि वह ऐसा क्यों सोच रहा है। कुछ देर तक जब होलू को कुछ नहीं सूझा तो उसने यही सोचा कि घर जाकर मां से पूछेगा। उसे बस यह जरूर अच्छा लगा कि अब बच्चा चुप था। बच्चा अपने पास रखी चीजों में खोता जा रहा था। होलू घर की ओर लौट चला था। *




कहानी

सरस्वती रमेश

पर्वत को अपने विशाल होने का बहुत घमंड था। वह पशु-पक्षियों को अपने से बहुत छोटा मानता था। गिलहरी, खरगोश और चिड़िया से उसने ऐसा बोल भी दिया। लेकिन एक दिन ऐसा कुछ हुआ कि पर्वत का घमंड चूर हो गया।

# पर्वत का घमंड



बरगद के पेड़ पर गिल्लू गिलहरी रहती थी। गिलहरी दिनभर इधर-उधर कूदती रहती। खरगोश, चिड़िया जैसे उसके दोस्त थे, वह उनसे मिलती-जुलती रहती। कभी-कभी उछलते-कूदते तीनों पर्वत तक पहुंच जाते। इन्हें देख पर्वत अभिमान से भर उठता, सोचता, 'ये कितने छोटे हैं, मैं कितना बड़ा-विशाल। आसमान को छूता, बादलों से बातें करता, हवाओं के साथ खेलता। इन सब की तो मेरे आगे कोई हैसियत ही नहीं है।' एक दिन गिल्लू गिलहरी, पीकू खरगोश और मुनमुन चिड़िया के साथ पर्वत पर खूब धमा-चौकड़ी मचा रही थी। तीनों कभी पर्वत पर कूदते तो कभी उसके बदन पर फिसलते। यह देखकर पर्वत को क्रोध आ गया। वह गुस्से से गरजा, 'तुम लोग ये क्या कर रहे हो?' गुस्से में पर्वत का चेहरा लाल हो गया था। उसे देख गिल्लू और पीकू को हंसी आ गई। गिल्लू हंसते हुए बोली, 'हम लोग यहां खेल रहे हैं। तुम भी खेलोगे हमारे साथ?' 'नहीं, मैं छोटे लोगों के साथ नहीं खेलता।' पर्वत घमंड से बोला। 'हम छोटे हैं तो क्या हुआ?' गिल्लू आश्चर्य से बोली। 'छोटों का कोई मान-सम्मान नहीं होता। वे किसी काम के नहीं होते।' पर्वत अकड़ कर बोला। 'अच्छा, तुम बड़े हो, लो जरा यह मूंगफली फोड़कर दिखाओ।' गिल्लू बोली।

'मूंगफली जैसी छोटी चीज मैं नहीं फोड़ सकता।' पर्वत ने बहाना बनाया। 'हार गए न..! देखो मैं कितनी आसानी से फोड़ देती हूं।' गिल्लू ने मूंगफली अपने दांतों में दबाकर झट से फोड़ दी।


'मूंगफली नहीं फोड़ सकता तो क्या, मेरे ऊपर कितने ही पेड़-पौधे, पशु-पक्षी रहते हैं। मैं सबको संभाल कर खड़ा रहता हूं।' पर्वत अभी भी घमंड से चूर था। तभी अचानक जोर की आंधी आई। गिल्लू और पीकू भागकर अपने बिलों में छुप गए। चिड़िया एक पेड़ पर दुबक कर बैठ गई। आंधी के साथ बारिश भी शुरू हो गई। मूसलाधार बारिश और हवा के थपेड़ों से पर्वत तहस-नहस होने लगा। उस पर उगे कुछ पेड़-पौधे गिरने लगे। पर्वत की चट्टानें दरकने लगीं। बेचारा पर्वत बहुत देर बारिश की मार झेलता रहा। जब बारिश बंद हुई तो गिल्लू और पीकू बिल से बाहर निकल आए। पर्वत की दशा बहुत बुरी थी। वह मन ही मन सोच रहा था, 'इस नन्ही गिलहरी, खरगोश और चिड़िया का तो कुछ भी न बिगड़ा और मैं इतना शक्तिशाली होने के बाद भी तहस-नहस हो गया, बिखर-सा गया।' तभी गिल्लू ने पर्वत से कहा, 'पर्वत भाई, देखा तुमने। इतने विशाल होने के बाद भी तुम बारिश से नहीं बच सके। अब तो समझ गए होगे कि बड़ा-विशाल होने से कुछ नहीं होता। छोटों का भी अपना एक महत्व है।' पर्वत का सिर लज्जा से झुक गया, बोला, 'तुम ठीक कह रही हो गिल्लू बहन। मैंने तुम लोगों को छोटा समझ, तुम्हारा अपमान किया। मुझे माफ कर दो।' 'माफी मांगने की कोई जरूरत नहीं। तुम्हें अपनी गलती का अहसास हुआ यही काफी है। आज से हम दोस्त हैं।' गिल्लू बोली।

'बिल्कुल, अब तुम मेरे ऊपर खूब फुदकना। मैं बिल्कुल गुस्सा नहीं करूंगा।' पर्वत बोला।

उस दिन से पर्वत ने घमंड छोड़ दिया। गिल्लू गिलहरी, पीकू खरगोश और मुनमुन चिड़िया पर्वत पर मजे से खेलते-कूदते, पर्वत भी इनके साथ आनंद लेता। *

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पूसी बिल्ली के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये छह अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी छह अंतर खोजो।



उत्तर: 1. बिल्ली के सिर पर रखे कोन की डिजाइन में बस दो कलर है, तीसरा हरा रंग गायब है। 2. बिल्ली की पूंछ का पिछला हिस्सा सफेद नहीं है। 3.बिल्ली के दाएं पैर पर अधिक बाल है। 4.बिल्ली के मुंह का आंतरिक हिस्सा ब्लैक दिख रहा है। 5.पीछे बाईं तरफ एक्स्ट्रा ग्रीन झाड़ी उगी हुई है। 6.दाईं तरफ बिल्ली के पंजे के पास एक्स्ट्रा झाड़ी उगी हुई है।

## रास्ता खोजो

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में बत्तख का एक नन्हा बच्चा उदास है, क्योंकि वह अपनी मां और भाई-बहन से बिछड़कर रास्ता भटक गया है। तुम सही रास्ता खोजकर इस नन्हे बत्तख को अपनी फैमिली तक पहुंचने में मदद तो करो जरा।



## खबर संक्षेप



### समाज को नई दिशा देते हैं धार्मिक आयोजन

**सिरसा।** जिला के गांव धोतड़ में स्थित बालाजी मंदिर में गुरूवार को धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रधान माया चोयल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को एक नई दिशा देने का काम करते हैं। अच्छे काम के लिए शुरूआत की जरूरत होती है, उसके बाद लोगों का कारवां अपने आप जुड़ता चला जाता है। भाजपा जिला सचिव बलजिंद्र जोसन ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन आमजन में संस्कृति, सभ्यता, धार्मिक भावना को जागृत करते हैं।

### सचिवालय में कृषि यंत्रों के लिए ड्रा 10 को

**फतेहाबाद।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना वर्ष 2025-26 के तहत फसल अवशेष प्रबंधन हेतु 16 प्रकार के कृषि यंत्रों के लिए जिले में कुल 5182 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। विभाग द्वारा पूर्व में 1660 लाभार्थियों का चयन 8 सितंबर को ऑनलाइन ड्रॉ के माध्यम से किया जा चुका है, जिनमें सभी 119 अनुसूचित जाति वर्ग के आवेदनों को भी शामिल किया गया। सहायक कृषि अभियंता ने बताया कि इन अतिरिक्त कृषि यंत्रों के लिए पात्र किसानों का चयन ऑनलाइन ड्रॉ के माध्यम से 10 को 12.30 बजे लघु सचिवालय के सभागार में किया जाएगा।

### सुखदेव कालापीला चुने गए प्रधान

**फतेहाबाद।** रोड सेफ्टी आर्गेनाइजेशन फतेहाबाद की बैठक भूप सिंह नैन की अध्यक्षता में गंगा होटल में हुई। बैठक में सर्वप्रथम आरएसओ के प्रधान रहे विरेन्द्र नारंग के निधन पर शोक जताया गया और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई। सदस्यों ने विरेन्द्र नारंग द्वारा फतेहाबाद में रोड सेफ्टी आर्गेनाइजेशन के साथ जुडक़र सडक़ हादसों को रोकने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की गई और उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प लिया गया। बैठक में मौजूद सदस्यों ने सर्वसम्मति से समाजसेवी सुखदेव कालापीला को प्रधान नियुक्त किया गया।



### हनुमान नाम का भावार्थ अपने मान का हनन

**सिरसा।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा स्थानीय पुलिस लाइन मंदिर में जारी तीन दिवसीय सुंदर कांड कथा के दूसरे दिन स्वामी विज्ञानानंद ने कहा कि सुंदर कांड प्रसंग में गोस्वामी तुलसीदास ने भक्त हनुमान की गाथा का वर्णन किया है। उन्होंने कहा कि हनुमान का भावार्थ है अपने मान का, अहंकार का हनन करना। हनुमान जी भगवान राम के परम भक्त और सेवक थे। यदि हनुमान जी की भक्ति और शक्ति की बात की जाए तो उनकी भक्ति के कुछ महत्वपूर्ण पहलू हैं, जिसमें श्रद्धा और विश्वास,, निष्ठा और संयम, शक्ति और साहस, सेवा और समर्पण जैसे दिव्य सद्गुण दर्शनीय हैं।

### बावल के विधायक करेंगे कान्क्लेव का उद्घाटन

**सिरसा।** बावल (रेवाड़ी) के विधायक डॉ. कृष्ण कुमार चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में 'साइंस कॉन्क्लेव-2025' का उद्घाटन 7 नवम्बर को करेंगे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. विजय कुमार करेंगे। इस साइंस कॉन्क्लेव आयोजन 7 एवं 8 नवम्बर को विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इस दो दिवसीय कॉन्क्लेव का विषय 'अनफोल्डिंग डिस्कवरीज एंड एडवांसिंग नेशन (उड़ान)' रखा गया है। आयोजन समिति की संयोजक डॉ. मंजू नेहरा ने बताया कि यह कॉन्क्लेव हरियाणा स्टेट कॉउन्सिल ऑफ साइंस इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी द्वारा प्रायोजित है। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहेंगे।

---

### जिला पुलिस मुस्तैद, एडवाइजरी जारी : पुलिस अधीक्षक

# पराली या भूसे को आग लगाने पर होगी सख्त कानूनी कार्रवाई



- पराली जलाने वालों के खिलाफ जीरो टालरेंस नीति, टीमें सक्रिय

एसपी सिद्धांत जैन

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

खेतों में पराली या भूसे को जलाने से उत्पन्न गंभीर वायु प्रदूषण और उससे मानव स्वास्थ्य पर पडऩे वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए फतेहाबाद पुलिस ने एक सख्त एडवाइजरी जारी की है। इसका उद्देश्य किसानों एवं जिलेवासियों को जागरूक करना और पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाना है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा है कि पराली या भूसे को जलाना कानूनन अपराध है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेशों के तहत ऐसा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध जुर्माना, एफआईआर और अन्य कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। खेतों या खुले स्थानों पर पराली अथवा भूसे को आग लगाना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है और इसके प्रति पुलिस की ज़ीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है। पराली जलाने से खेत की उर्वरक शक्ति में कमी आती है, जबकि इसके धुएं से वातावरण में धुंध फैलती है, जिससे सडक़ दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है। वायु प्रदूषण के कारण अस्थमा, एलर्जी, हृदय रोग, और फेफड़ों की बीमारियों में भी वृद्धि होती है। सरकार द्वारा पराली प्रबंधन के लिए आधुनिक मशीनें जैसे सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, हैप्पी सीडर, मल्चर आदि उपलब्ध कराई गई हैं, जिनका किसान भाई लाभ उठा सकते हैं।

#### तत्काल एक्शन

एसपी ने बताया कि जिले में पुलिस की विशेष निगरानी टीमें निरंतर सक्रिय रहेंगी और पराली जलाने की किसी भी सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्राम स्तर पर बीट अधिकारी किसानों से संवाद स्थापित करेंगे और उन्हें पराली प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों के प्रति जागरूक करेंगे। पुलिस ने आमजन से अपील है कि यदि कहीं भी पराली या भूसे को जलाए जाने की घटना दिखाई दे, तो उसकी सूचना तुरंत निकटतम थाना, बीट अधिकारी, पुलिस कंट्रोल रूम नंबर या पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर दें।

## पराली प्रबंधन से खेत में बढ़ेगी मिट्टी की उर्वरता, घटेगा प्रदूषणः डॉ. सुखदेव सिंह

- गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक कर रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज. सिरसा

पराली प्रबंधन से न केवल मिट्टी की सेहत सुधरती है, बल्कि वायु प्रदूषण में भी उल्लेखनीय कमी आती है, जिससे किसानों और समाज दोनों को लाभ होता है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. सुखदेव सिंह ने बताया कि पराली जलाने से वायु में जहरीली गैसें और धुआं फैलता है, जो सांस और आंखों से जुड़ी बीमारियों को जन्म देता है। कृषि विभाग और प्रशासन ने किसानों को पराली न जलाने और उसके वैज्ञानिक प्रबंधन की दिशा में प्रेरित करना शुरू किया है। वीरवार को टीमों ने जिला के मल्लेवाला, जीवन नगर, जोधपुरिया, बुखारा खेड़ा, धनूर, पन्नीवाला मोटा, रामपुर थेड़ी, कुत्ताबढ सहित कई गांवों में आमजन को पराली न जलाने को लेकर जागरूक किया।



सिरसा। पराली प्रबंधन को लेकर जागरूक करती टीम।

#### ये होगा फायदा

उन्होंने बताया कि पराली प्रबंधन के लिए सरकार किसानों को कई आधुनिक मशीनें उपलब्ध करवा रही है जैसे हैप्पी सीडर, सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, रोटावेटर, बेलर और मल्चर। इन मशीनों की मदद से पराली को बिना जलाए खेत में ही काटकर मिट्टी में मिलाया जा सकता है या फिर उससे बायोगैस, बायो-फ्यूल, पशु चारा और जैविक खाद तैयार की जा सकती है। इससे किसानों को अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि पराली प्रबंधन न केवल पर्यावरण संरक्षण का साधन है बल्कि किसान की आर्थिक प्रगति का मार्ग भी है।

इसके अलावा गांव जीवन में राजकीय स्कूल के बच्चों ने जागरूकता रैली के माध्यम से भी आमजन को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि कि पराली को जलाने की बजाय अगर उसे खेत में ही मिलाया जाए, तो यह प्राकृतिक खाद का काम करती है।

---



फतेहाबाद। हत्या मामले में गिरफ्तार दोनों युवक। फोटो : हरिभूमि

### नशे के इंजेक्शन से मौत का मामला

## पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

गांव हिजरावां कलां में नशे के इंजेक्शन से हुई युवक की हत्या के मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान विजय पुत्र पहलवान निवासी हिजरावां कलां और अवतार उर्फ सोनू पुत्र सुखविंदर सिंह निवासी मूसेअली के रूप में हुई है। इससे पहले भी इसी मामले में दो मुख्य आरोपी मंगल उर्फ मंगी पुत्र पहलवान सिंह निवासी हिजरावां कलां और लखबीर सिंह उर्फ काला पुत्र बलकार सिंह निवासी मूसेअली को पुलिस पहले ही काबू कर चुकी है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि 17 अक्टूबर को गांव हिजरावां कलां निवासी निर्मल सिंह पुत्र काबल सिंह ने थाना सदर फतेहाबाद में बयान दर्ज करवाया था कि उसका पुत्र 26 वर्षीय जशनप्रीत सिंह नशे का आदी हो गया था और उसे गांव के कुछ व्यक्ति नशे की आपूर्ति करते थे। उसने बताया कि आरोपी मंगल उर्फ मंगी व लखबीर सिंह उर्फ काला उसके बेटे को लगातार नशा देते थे।

#### जांच में जुटी पुलिस

पुलिस जांच के दौरान इस मामले में गहन पूछताछ व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दो अन्य आरोपियों विजय और अवतार उर्फ सोनू की संलिप्तता सामने आई, जिन्हें अब गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस द्वारा मामले में आगे की जांच जारी है ताकि इस हत्याकांड से जुड़े अन्य पहलुओं और संभावित नेटवर्क का खुलासा किया जा सके।

---

## क्रेसंट स्कूल में प्रार्थना सभा का अयोजन

- सभी के लिए न्याय तक पहुंच कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

क्रेसंट स्कूल में 'सभी के लिए न्याय तक पहुंच- कानूनी जागरूकता के माध्यम से हाशिए पर पड़े लोगों को सशक्त बनाना' थीम के साथ नेशनल लीगल सर्विस डे के उपलक्ष्य में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में न्याय, अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अश्मित व रिया के मंच संचालन में मिहिका, रूहान व एशवी द्वारा 'वहीं सच्चा नागरिक अपने अधिकार समझ सकता है, जो अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करता है' सुविचार प्रस्तुत किया गया। सोनाक्षी व हरयश ने कानूनी जागरूकता पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत करते हुए न्याय एवं समानता के महत्व पर प्रकाश डाला। सिया व मनन ने 'जहां अंधकार व अन्याय बढ़ता है वहां कानून का प्रकाश धीरे से चमकता है' कविता का सस्वर वाचन किया। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि स्कूल में आयोजित ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में जागरूकता पैदा करते है।




फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में नेशनल लीगल सर्विस डे पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### महिला महाविद्यालय में वार्षिक एथलेटिक प्रतियोगिता आज

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में 7 नवंबर को 6वीं वार्षिक एथलेटिक मीट आयोजित की जाएगी। महाविद्यालय के खेल प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के कुलपति प्रो. विजय कुमार बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे और खिलाडिय़ों को छात्राओं का उत्साहवर्धन करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ी 100, 400 मीटर दौड़ के अलावा, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, रस्साकशी, धीमी साइकिल दौड़, कबड्डी, रिले रेस आदि में भाग लेंगी। इसके अलावा शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ के लिए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता भी होगी ।

## फोटो फ्रेम के गोदाम में आग लगी

- दमकल विभाग के पांच गाड़ियों ने मशक्कत से काबू पाया

हरिभूमि न्यूज. डबवाली

शहर के मीना बाजार क्षेत्र में स्थित एक दुकान के गोदाम में जबरदस्त आग लग गई। आग से दुकानदार का लाखों का नुकसान हुआ है। दुकानदार अमित मोनू की शंभू फोटो फ्रेम नामक फर्म का श्री राम मार्केट में स्टोर है, जिसमें आज दिन के समय अचानक आग लग गई। इस दौरान आसमान में धुएं का बड़ा गुबार बन गया और तंग बाजार में आग देखकर लोगों में दहशत फैल गई। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया और फायर ब्रिगेड की गाडिय़ां बुलाई गई। फायर ब्रिगेड की पांच गाडिय़ों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक काफी मात्रा में सामान जल कर राख हो गया। आग कैसे लगी अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया, लेकिन आग से लाखों के नुकसान का अनुमान है। पूर्व पार्षद विनोद बंसल के मुताबिक बाजार तंग होने की वजह से आग बुझाने में काफी दिक्कत आई।



सिरसा। गोदाम से उठाता धुएं का गुब्बार। फोटो : हरिभूमि

---

### घर से गोलगप्पे खाने निकला था

## चार दिन से लापता अर्शदीप का शव भाखड़ा नहर से बरामद

**रतिया।** क्षेत्र के गांव नंगल से 2 नवंबर की शाम को घर से गोलगप्पे खाने के लिए निकले 14 वर्षीय अर्शदीप का वीरवार सुबह गांव से 4 किलोमीटर दूर लधुवास कर करीब भाखड़ा नहर से शव बरामद हुआ है। परिजन व ग्रामीण पिछले 4 दिन से अर्शदीप की तलाश में लगे हुए थे। सदर थाना में अर्शदीप की गुमशुदगी का मामला भी दर्ज करवाया गया था। बुधवार को इस मामले को लेकर ग्रामीण एकजुट भी हुए थे। अर्शदीप सिंह के पिता पूर्ण कुमार ने पुलिस को बताया था कि 2 नवंबर को शाम 4 बजे के आसपास वह अपने दादा दारी राम से 10 रुपये लेकर गांव में गोलगप्पे खाने के लिए घर से निकाल था, जिसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। इसकी सूचना ब्राह्मणवाला पुलिस चौकी व डायल 112 को भी दी है। पुलिस के अलावा परिजन ग्रामीणों के सहयोग से आसपास के गांवों, रिश्तेदारियों व अन्य जगहों पर लगातार तलाश कर रहे हैं लेकिन कहीं पर भी उसका पता नहीं चला। अब शव नहर में मिला है।



अर्शदीप का फाइल फोटो।

## भोडिया खेड़ा में जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दिए साइबर सुरक्षा के टिप्स

- विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ भी जागरूक किया गया

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

जिलेभर में साइबर अपराध एवं नशा मुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद की टीम ने आज सरकारी उच्च विद्यालय भोडिया खेड़ा फतेहाबाद में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा और नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक राहुल देव के नेतृत्व और एएसआई राजेश के समन्वय में आयोजित इस सत्र में छात्रों को बताया गया कि डिजिटल युग में साइबर ठगी, फेक प्रोफाइल, फिशिंग कॉल्स व ऑनलाइन हैकिंग जैसे अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को अपने निजी डेटा, पासवर्ड और वित्तीय जानकारी की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहना जरूरी है। टीम ने वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को यह भी बताया कि कैसे साइबर अपराधी सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेम या नकली वेबसाइटों के जरिए लोगों को अपने जाल में फँसाते हैं।



फतेहाबाद। फतेहाबाद। भोडियाखेड़ा में विद्यार्थियों को जागरूक करते थाना साइबर फतेहाबाद के प्रभारी। फोटो : हरिभूमि

### व्यक्तिगत ऋण योजना

## स्वरोजगार के लिए 27 महिलाओं को 22.40 लाख के ऋण स्वीकृत

**फतेहाबाद।** हरियाणा महिला विकास निगम महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्यरत है। इसी उद्देश्य के तहत निगम द्वारा व्यक्तिगत ऋण योजना चलाई जा रही है, जिसके अंतर्गत ऐसी महिलाओं को ऋण उपलब्ध कराया जाता है जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से अधिक न हो तथा जिनके परिवार का कोई भी सदस्य आयकर दाता न हो। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि व्यक्तिगत ऋण योजना के तहत पात्र महिलाओं को अधिकतम 1.50 लाख रुपये का ऋण बैंकों के माध्यम से प्रदान किया जाता है। इस योजना में निगम द्वारा कुल ऋण पर 25 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाती है, जिसमें सामान्य वर्ग की महिलाओं को अधिकतम 10000 रुपये दिए जाएंगे।

#### ये बोले अधिकारी

हरियाणा महिला विकास निगम की जिला प्रबंधक स्नेह लता ने बताया कि 2025-26 वित वर्ष में हरियाणा महिला विकास निगम का 74 केसों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसमें से 27 महिलाओं को बैंकों के द्वारा स्वीकृत कुल 22 लाख 40 हजार रुपये के ऋण पर 3 लाख 80 हजार रुपये की अनुदान राशि निगम के द्वारा जारी कर दी गई है।

---

### बाबा हरिनामदास दास ने फरमाया

## ईश्वर को अर्पण कर किए गए कर्म से मिलती है ऊर्जाः महंत

- 4 दिवसीय जीवन का आधार-गीता का सार कार्यक्रम संपन्न

**सिरसा।** ब्रह्मांकुमारीज संस्थान आनंद सरोवर में जारी चार दिवसीय जीवन का आधार-गीता का सार कार्यक्रम के अंतिम दिन डेरा बाबा भूमण शाह, मल्लेवाला के प्रमुख महंत हरिनामदास दास बतौर मुख्यतिथि भाग लिया। उन्होंने कहा कि निष्काम और समर्पण भाव से किया गया कर्म ही हमें ऊर्जा प्रदान करता है। अपने दैनिक जीवन में हमारे से किसी का भी अहित न हो और न ही हमारे भीतर किसी प्रकार का अहम भाव हो, इस बात के लिए सदा सचेत रहें। उन्होंने बताया कि गीता मात्र एक शास्त्र नहीं है बल्कि एक प्रयोगशाला है जहां हम अपनी विचारधारा एवं व्यर्थ मान्यताओं का विशशण कर अपने मूल स्वरूप को अनुभव करने का प्रयास करते हैं, जो व्यक्ति गीता की शिक्षाओं का अनुसरण करता है उसकी विजय निश्चित है, लेकिन इसके लिए संसार की व्यर्थ बातों से वैराग धारण कर अर्जुन समान साधक बनकर परमात्म निश्चय को सुदृढ़ करना होगा।

### सराहनीय | पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सौंपा बरामद सामान

आईएमईआई ट्रेसिंग, डिजिटल सर्विलांस और लोकेशन ट्रैकिंग से खोजे फोन

## पुलिस ने गुम हुए10 मोबाइल फोन ढूंढकर मालिकों को वापस लौटाए

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने लाखों रुपये के गुम हुए 10 मोबाइल फोन ढूंढकर उनके असली मालिकों को लौटाए है। गुरूवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी सिद्धांत जैन ने करीब 9 लाख कीमत के 10 मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे। अब तक साइबर थाना की टीम 257 से अधिक मोबाइल फोन बरामद कर लौटाने की उपलब्धि हासिल कर चुकी है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार के नेतृत्व में टीम ने आईएमईआई ट्रेसिंग, डिजिटल सर्विलांस और लोकेशन ट्रैकिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर इन मोबाइलों को ट्रेस किया। प्रत्येक फोन की बरामदगी के पीछे महीनों की मेहनत, सटीक विश्लेषण काम आया।



फतेहाबाद। लोगों को उनके गुम मोबाइल फोन लौटाते एसपी सिद्धांत जैन।

#### एसपी ने सौंपे मोबाइल

कार्यक्रम में जब एसपी जैन ने मोबाइल मालिकों को उनके फोन सौंपे, तो माहौल भावनाओं से भर गया। किसी की आंखों में खुशी थी, तो किसी के चेहरे पर संतोष की चमक। कई लोगों ने कहा कि उन्होंने उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन फतेहाबाद पुलिस ने उन्हें उनका फोन ही नहीं, बल्कि पुलिस पर दोबारा विश्वास करने का कारण भी दिया। फोन प्राप्त करने वाले नागरिकों में दीपू कुमार पुत्र फूल सिंह निवासी उकलाना, अशोक कुमार पुत्र विशन दास निवासी शिव नगर फतेहाबाद, रिंकू पुत्री कुशल चंद निवासी लाली, सुरजीत सिंह पुत्र सही राम निवासी हिजरावां कलां, महेंद्र सिंह पुत्र चित्तर सिंह निवासी फतेहाबाद, शुभम पुत्र दीदार सिंह निवासी रतिया, राजेश कुमार पुत्र महिंदर कुमार निवासी गुरुनानकपुरा मोहल्ला, फतेहाबाद, नानक सिंह पुत्र नारायण सिंह निवासी गांव कुनाल, समीर पुत्र सचिन कुमार निवासी शक्ति नगर, फतेहाबाद तथा देशराज पुत्र राम गोपाल निवासी भूना शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### शतरंज में लोटस स्कूल का मानव गर्ग छाया

**उकलाना।** लोटस इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने शतरंज की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसमें कक्षा पांचवी के छात्र मानव गर्ग ने खेल में अपना दमखम दिखाया। स्कूल प्रिंसिपल आरती कुनर ने बताया कि मानव ने अंडर-11 की शतरंज प्रतियोगिता में हिसार जिले के धांसू में जिला स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया और राज्य स्तर के लिए अपना स्थान पक्का किया। प्रतियोगिता का आयोजन रोहतक में होगा।

### जिला विकास समन्वय समिति की बैठक आज

**हिसार।** लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में 7 नवंबर को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में केंद्र सरकार तथा प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता दिशा कमेटी के चेयरमैन एवं सांसद जयप्रकाश करेंगे।

### समस्याओं के समाधान के लिए मिलाप रैली 11 को

**हिसार।** रिकाड्र्स मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री की ओर से पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए 11 नवंबर को मिलाप रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली हिसार के सैनिक कल्याण कार्यालय में होगी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सुजाता ने बताया कि रैली को आयोजित करने का उद्देश्य सैनिकों और वीर नारियों की लंबित पेंशन, दस्तावेजों की त्रुटियां तथा सेवा संबंधी शिकायतों का त्वरित निस्तारण करना है।

### फ्रॉड रिस्क असेसमेंट पर सेमिनार कल

**हिसार।** एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा 8 नवंबर को फ्रॉड रिस्क असेसमेंट पर आधारित सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। सेक्टर 16-17 के इंस्टीट्यूशनल एरिया में स्थित आईसीएआई भवन में आयोजित होने वाले इस सेमिनार का समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा। इस सेमिनार में अतिथि वक्ता डॉ. विनय कुमार सैनी व इवनीत सिंह धोखाधड़ी जोखिम मूल्यांकन के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे।

### रविंद्र बने फार्मेसी काउंसिल के कार्यकारी समिति सदस्य

**हिसार।** हरियाणा स्टेट फार्मेसी काउंसिल के चुनाव सम्पन्न हो गए हैं। चुनाव में बीबी सिंगल को चेयरमैन, टीपू सिंह को उपप्रधान व अरुण पराशर को कोषाध्यक्ष तथा हिसार के रविंद्र चौपड़ा व गुरुग्राम के अनिल परमार को कार्यसमिति सदस्य चुना गया है। कार्यकारी समिति के सदस्य रविंद्र चौपड़ा ने बताया कि इस अवसर पर आयोजित काउंसिल की बैठक में हरियाणा प्रदेश के फार्मेसी जगत के भविष्य को दिशा देने वाले कई अहम फैसलों पर चर्चा हुई।

### 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पर स्मरण उत्सव आज

**हिसार।** राष्ट्रीय गीत 'वंदेमातरम' के 150वीं वर्षगांठ पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभक्ति और स्वदेशी भावना को सशक्त करने के लिए शुक्रवार को राजगढ रोड स्थित राजकीय महाविद्यालय में स्मरण उत्सव का शुभारंभ होगा। इस दौरान राष्ट्रगीत का सामूहिक उच्चारण होगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस अवसर पर सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की और से एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

### जनसंगठनों ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**हांसी।** पिछले दिनों हुई भारी बरसात व जलभराव के चलते किसानों और खेतीहर मजदूरों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजे की मांग को लेकर विभिन्न कृषि व मजदूर संगठनों ने कश्मीरी लाल ग्रोवर व मास्टर जयभगवान ढ़ाणी कुमार के अध्यक्षता में शहर में प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंच मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार सुरेश कुमार को ज्ञापन सौंपा।

## 10 नवंबर से ऑटो मार्केट में चलेगा अतिक्रमण हटाओ महा अभियान

# ऑटो मार्केट में अतिक्रमणकारियों को मेयर पोपली ने दिया अल्टीमेटम

**ऑटो मार्केट में सफाई व्यवस्था होगी बेहतर : प्रवीण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

ऑटो मार्केट में व्यवस्था बनाने, स्वच्छता को लेकर मेयर प्रवीण पोपली ने अधिकारियों सहित ऑटो मार्केट के व्यापारी व मिस्त्रियों के साथ बैठक की।

बैठक में मेयर प्रवीण पोपली ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिस प्रकार दिल्ली रोड से अतिक्रमण हटाया गया है, उसी तर्ज पर ऑटो मार्केट से अतिक्रमण हटाने का महा अभियान 10 नवंबर से चलेगा। बैठक में मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि व्यापारी और मिस्त्री स्वयं अपना अतिक्रमण पूर्णता हटा लें, अन्यथा नगर निगम इस पर कार्रवाई करते हुए सामान जब्त करेगा। उन्होंने कहा कि ऑटो मार्केट से अभियान के दौरान जो सामान उठाया जाएगा वह वापस नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा, कार्रवाई समान रूप से होगी। उन्होंने कहा कि ऑटो मार्केट से पूर्णता अतिक्रमण हटाकर और सफाई व्यवस्था करके मार्केट का स्वरूप बदला जाएगा। इस दौरान निगमायुक्त ने कहा कि अतिक्रमण के समय नगर निगम की टीम के साथ कोई दुर्व्यवहार न करें अन्यथा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी से अपील की हैं कि अपना सामान अपनी परिधि में रखे। किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें।



हिसार। बैठक में व्यापारियों से बातचीत करते मेयर प्रवीण पोपली।



हिसार। निरीक्षण करने पहुंचे मेयर प्रवीन पोपली को समस्या से अवगत कराते क्षेत्रवासी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर निगमायुक्त नीरज, अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, पार्षद डॉ. सुमन यादव आदि उपस्थित रहे।

### स्वच्छता नियम तोड़ने पर काटे चालान

**हिसार।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम टीमों ने शहर के विभिन्न इलाकों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। गुरुवार को निरीक्षण के दौरान आजाद नगर से सीटीएल प्रदीप जाखड़ व तकनीकी एक्सपर्ट ने एक दुकानदार के द्वारा डस्टबिन प्रयोग न करने एक दुकानदार द्वारा खुले में कचरा डालने 2 दुकानदारों के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग करने पर चालान किए गए। इसके साथ ही एक दुकानदार के द्वारा खुले में कचरा डालने व सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने पर एएसआई विजेता ने 500 रुपये का चालान किया गया। इसके साथ ही टीम ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

### सेक्टर 16-17 में सीवरेज लाइन धंसी

**हिसार।** सेक्टर 16-17 में कई दिनों से बैठी हुई सीवरेज लाइन की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए मेयर प्रवीण पोपली वीरवार को मौके पर पहुंचे। उनके साथ पार्षद डॉ. सुमन यादव, नगर निगम के एमई अमित बेरवाल तथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के जेई कुलदीप बिश्नोई, जेई नरेन्द्र मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रवासियों ने मेयर को बताया कि सेक्टर में दो स्थानों पर सीवरेज लाइन धंस जाने के कारण लंबे समय से परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार लाइन बैठने की वजह से सीवरेज का पानी बार-बार ओवरफ्लो हो जाता है और जाम की स्थिति बन जाती है। इस कारण आसपास के घरों और सड़कों पर गंदा पानी फैलने से बदबू व असुविधा का माहौल बना रहता है। निवासियों ने बताया कि एचएसवीपी द्वारा फिलहाल एक अस्थायी समाधान किया गया है, जिससे समस्या कुछ समय के लिए नियंत्रण में रहती है, लेकिन स्थायी समाधान अब तक नहीं किया गया है। लोगों ने मेयर से आग्रह किया कि इस समस्या को जल्द से जल्द स्थायी रूप से सुलझाया जाए ताकि भविष्य में उन्हें दोबारा इस परेशानी का सामना न करना पड़े। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मेयर प्रवीण पोपली ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीवरेज लाइन के स्थायी समाधान के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। उन्होंने आदेश दिए कि आगामी गुरुवार तक इस समस्या का स्थायी निवारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। मेयर ने अधिकारियों को यह भी कहा कि मरम्मत कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे भविष्य में इस तरह की समस्या दोबारा उत्पन्न न हो।

# अगरबत्ती हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा : चेयरमैन



हिसार। प्रशिक्षण में जानकारी देते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

- महारानी लक्ष्मीबाई कालेज में अगरबत्ती एवं धूप बत्ती निर्माण पर प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कालेज में सीएसआईआर -एरोमा मिशन के तहत स्वरोजगार के लिए औषधीय एवं सगंध पौधों की खेती के साथ-साथ सुगंधित अगरबत्ती एवं धूप बत्ती निर्माण पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यशाला में इत्र उद्योग कंपनी अल्ट्रा इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक संत सांगानेरिया का विशेष योगदान है।

कार्यक्रम के पहले दिन प्रशिक्षण का शुभारंभ सीएसआईआर-सीआईएमएपी लखनऊ के प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार, डॉ. राजेश कुमार वर्मा, डॉ. रमेश कुमार श्रीवास्तव, महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान, डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा व प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके किया गया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि इस प्रशिक्षण का द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की छात्राओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है। महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान ने कहा कि अगरबत्ती और कोन (धूप) हमारे देश की परंपरा और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं।

### 60 छात्राएं शामिल

वैज्ञानिक डॉ. रमेश कुमार श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि अगरबत्ती एवं कोन निर्माण एक कम लागत वाला, लेकिन उच्च लाभ देने वाला घरेलू उद्योग है जिससे बेरोजगार युवक-युवतियां, महिला स्व-सहायता समूह एवं लघु उद्यमी अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर सकते हैं। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल उत्पाद बनाना नहीं है बल्कि रोजगार के नए अवसर तैयार करना भी है। प्रशिक्षण में महाविद्यालय टीचिंग स्टाफ के साथ साथ 60 छात्राओं ने पूरे उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और लखनऊ से आए मनोज कुमार यादव ने अगरबत्ती और धूपबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया।

# एसबीएस स्कूल माढा की टुनिषा और महक ने जीता ब्रांज मेडल

> 27वें हरियाणा ओलंपिक स्टेट टेबल टेनिस गेम्स का गुरुग्राम में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



नारनौंद। एसबीएस स्कूल माढ़ा की विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। फोटो :हरिभूमि

27वें हरियाणा ओलंपिक स्टेट टेबल टेनिस गेम्स का आयोजन प्रदेश सरकार द्वारा गुरुग्राम में करवाया गया। जिसमें सभी जिलों से बेस्ट आठ जिलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें टेबल टेनिस में हिसार जिले की तरफ से एसबीएस स्कूल माढा के टुनिषा, महक, मुस्कान कौहाड़, प्रीति, मुस्कान तथा गौरांश 10 में से कुछ छह खिलाड़ियों का चयन हुआ था। इसमें सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। डबल्स टेबल टेनिस में टुनिषा तथा महक ने रोहतक की निहारिका और दिव्या को, फरीदाबाद की त्रिशा तथा चैतन्या को हराकर ब्रांज मेडल पर कब्जा किया।

इस पर स्कूल के डायरेक्टर डाक्टर सुनील चहल ने बताया कि हर वर्ष स्कूल के खिलाड़ी विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें सरकार की तरफ से भी विभिन्न सुविधा खिलाड़ियों को दी जा रही है। अभी स्कूल की खिलाड़ी टुनिषा, महक तथा प्रिंसी को 48 - 48 हजार रुपये की सरकार द्वारा स्कॉलरशिप दी गई।

### युवा क्लब ने पुलिस जवान की याद में किया पौधरोपण

**आदमपुर।** खासा महाजन के युवा स्पोर्ट्स क्लब के पूर्व सदस्य व हरियाणा पुलिस में तैनात जवान स्व. जय सिंह सैनी की 8वी पुण्यतिथि पर युवाओं द्वारा उन्हें याद किया गया। क्लब सदस्य बलवान ने बताया कि पुलिस विभाग में सिपाही पद पर 10 मार्च 2006 को भर्ती जयसिंह की 6 नवंबर 2017 को ड्यूटी पर जाते समय सड़क हादसे में उनकी मृत्यु हो गई थी। हर वर्ष की भांति उनकी 8वीं पुण्यतिथि पर राधा कृष्ण गोशाला खासा महाजन में गायों को 101 किलो गुड़ खिलाया गया और सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर उनके पिता साधुराम, भीम सैनी, संजय, पवन, रोहतास, आदि मौजूद रहे।

# गुरुकुल स्कूल का एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

- छात्रों ने कई पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना



उकलाना। शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

कृष्णा देवी गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीनियर हिसार जिला एथलेटिक्स चैम्पियनशिप तथा अंडर-11 हिसार जिला एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। सीनियर प्रतियोगिता का आयोजन गवर्नमेंट कॉलेज, हिसार में तथा अंडर-11 प्रतियोगिता का आयोजन लक्ष्य पब्लिक स्कूल, धांसू (हिसार) में हुआ। विद्यालय के आर्यन ने हैमर थ्रो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

विनीत धायल ने जेवलिन थ्रो में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। अनिरुद्ध ने हाई जंप तथा नक्ष ने शॉट पुट में सिल्वर मेडल जीते। विद्यालय के लिए यह गर्व का विषय है कि अनिरुद्ध और नक्ष का चयन अब राज्य स्तरीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप, जो कि रोहतक में आयोजित होगी। निदेशक एडवोकेट काजल धायल व विद्यालय के प्राचार्य जय प्रकाश पांडेय ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी।

### निबंध लेखन स्पर्धा में मोनिका रही प्रथम

**हिसार।** शहर के दयानंद कॉलेज में हिन्दी एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में निबंध लेखन तथा साहित्यिक चित्रांकन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में संस्कृत विभाग की मोनिका ने प्रथम, बबीता ने द्वितीय तथा सुनैना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं साहित्यिक चित्रांकन प्रतियोगिता में हिन्दी विभाग के मोहित ने प्रथम, मानसी ने द्वितीय और विकास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

संस्कृत विभाग की ओर से भी मोनिका, बबीता एवं सुनैना ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान अर्जित किया।

# मोहल्ला सैनियान में अधूरे बरसाती नाले को पूरा करवाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

> समाधान शिविर में उपायुक्त अनीश यादव ने सुनी समस्याएं

जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त अनीश यादव ने जनसमस्याओं को सुनते हुए कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया।

मौहल्ला सैनियान में पुराने बरसाती नाले के अधूरे निर्माण कार्य का पूरा करवाने की शिकायत पर उपायुक्त ने पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों को मामले की जांच कर आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गांव लाडवा में मकान की गली को खुलवाने की शिकायत तथा गांव न्याणा में पूर्व सरपंच सुरेश सहरावत के घर से लेकर रोशन सहरावत के घर तक गली के निर्माण की मांग पर उपायुक्त ने जिला विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों को मामले की जांच कर कार्यवाही करने की हिदायत दी। इसी प्रकार अमन नगर निवासी भीम सिंह ने समाधान शिविर में उनके पुराने मकान के इंतकाल करवाने बारे मांग रखी। बालसमंद के किसानों ने सीसवाला सब माइनर के मोगा नंबर 29000/एल की जांच करवाकर टेल तक पानी पंहुचाने तथा मोगा नंबर 29000/एल से मोगा नंबर 32000/एल तक माइनर की सफाई करवाने बारे मांग उपायुक्त के समक्ष रखी।



हिसार। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते उपायुक्त अनीश यादव। फोटो :हरिभूमि

### बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मियों का प्रदर्शन

**हिसार।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत महिला बहुद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारियों की मांगों के हल के लिए बहुदेशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन ने सिविल सर्जन कार्यालय पर रोष प्रदर्शन करके सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने सरकार पर 27 साल से शोषण करने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। इस अवसर पर जिला प्रधान विकास संदलाना, जिला सचिव रवींद्र पेटवाड़, राज्य कार्यकारिणी की उप प्रधान सुदेश पूनिया, शुभराम पानू, सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान राजेश बागड़ी, पूर्व प्रधान सुरेंद्र यादव, सतीश दनोदा और जिला प्रेस सचिव नूर मोहम्मद सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

# विकास परियोजनाओं के कार्य का विधायक ने किया शुभारंभ

- 21 विकास परियोजनाओं पर 4 करोड़ 60 लाख आएगी लागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

विधायक विनोद भयाना ने गुरुवार को शहर में 4 करोड़ 60 लाख रुपये लागत की 21 विकास परियोजनाओं के निर्माण कार्य का नारियल तोड़कर विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इन विकास परियोजनाओं में श्री काली देवी चौक, मजोका पार्क, इंदिरा पार्क धर्मशाला सहित 17 गलियां शामिल है।

विधायक विनोद भयाना विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करते हुए कहा कि आज जिन 21 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है, सभी का निर्माण कार्य आगामी 6 माह के अंदर पूर्ण करवा दिया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए विकास परियोजनाओं में गुणवत्ता परक निर्माण सामग्री का इस्तेमाल होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर कोई भी शिकायत मिली तो संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय अवधि के अंदर पूरे होने चाहिए। किसी भी प्रकार की देरी व कोताही सहन नहीं की जाएगी।

# 'वोट चोर गद्दी छोड़' के तहत कांग्रेस ने चुनाव आयोग का पुतला फूंका

- भाजपा सरकार वोट चोर के साथ-साथ सरकार और विधायक चोर भी : बजरंग गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। चुनाव आयोग का पुतला जलाते कांग्रेस के पदाधिकारी, विधायक व कार्यकर्ता।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत गुरुवार को चुनाव आयोग का पुतला कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला शहरी प्रधान बजरंग गर्ग के नेतृत्व में जलाया गया। इस कार्यक्रम में आदमपुर विधायक चंद्र प्रकाश, उकलाना विधायक नरेश सेलवाल, नारनौद विधायक जस्सी पेटवाड़ व भारी संख्या में कांग्रेस पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कांग्रेस के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता बजरंग गर्ग ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार वोट चोर के साथ-साथ सरकार व विधायक चोर भी हैं। भाजपा सरकार ने महाराष्ट्र, बिहार व मध्य प्रदेश की चलती हुई सरकार को चुरा ली थी। भाजपा सरकार ने हिमाचल व राजस्थान की सरकार गिराने के लिए विधायकों की चोरी करके हरियाणा में ले आए थे और विधायकों को होटलों में रुकवा कर नाकाबंदी की गई थी, यह सारा देश जानता है। इस अवसर पर अनिल मान, डॉ. राजेन्द्र सूरा, सुमन शर्मा, सुबे सिंह आर्य, तेजवीर पुनिया, नरेश मलिक, जगजीत सिंह, आदि मौजूद रहे।

## आरपीएस पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिताओं का आयोजन

# विद्यार्थियों ने शिक्षा के महत्व पर दी प्रस्तुति

**राष्ट्रीय शिक्षा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। डाकघर भ्रमण के दौरान डाक टिकटों व अन्य जानकारी हासिल करते आरपीएस सैनिक स्कूल के विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

आरपीएस पब्लिक स्कूल में गुरुवार को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष सभा, शैक्षणिक भ्रमण तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छठी कक्षा के विद्यार्थियों काव्या, जयंत, पंकज, जसवी, नेहा, एलेक्स, नक्षित, लावी तथा मानव ने विशेष सभा में सक्रिय भागीदारी की। विद्यार्थियों ने शिक्षा के महत्व, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के जीवन और उनके योगदान पर सुंदर प्रस्तुतियां दीं। प्रधानाचार्या एकता ने राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री डॉ. मौलाना अबुल कलाम आजाद ने शिक्षा को हर व्यक्ति का अधिकार माना और सर्व शिक्षा अभियान की नींव रखी।

### शैक्षणिक भ्रमण करवाया

मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप देशवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास की कुंजी है। यह न केवल ज्ञान का स्रोत है बल्कि जीवन को दिशा देने वाली शक्ति भी है। तृतीय एवं चतुर्थ कक्षा के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को डाकघर, बैंक व अग्निशमन केंद्र का भ्रमण कराया गया।